अमर उजाला

बरेली
शनिवार, 29 दिसंबर 2018

Page NO :07 MIDDLE

लखनऊ को हराकर एसआरएमएस एकेडमी ने जीती सीरीज

बरेली। एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी में खेली जा रही अंडर-14 क्रिकेट सीरीज एसआरएमएस ने कोल्विन को पांच विकेट से हराकर जीत ली। पांच मैचों की सीरीज में एसआरएमएस ने चार मुकाबले जीत लिए हैं। सीरीज का आखिरी मुकाबला 30 दिसंबर को खेला जाएगा। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में 137 रन बनाए। लखनऊ की ओर से रंजीत ने 27 रन की पारी खेली। जवाब में उतरी एसआरएमएस ने 24.2 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। साहित्य चंद्रा ने सर्वाधिक 40 रन बनाए। उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस दौरान एसआरएमएस के निदेशक देव मूर्ति, लखनऊ टीम के कोच वीरेंद्र सिंह गुजराल, मनीष आदि मौजूद रहे। **ब्यूरो**